# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश भर में आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई हैं। भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर सहित सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। एक रिपोर्ट–

***ब्रजमण्डल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कान्हा की जन्मभूमि को दुल्हन की तरह सजाया गया है। लाखों श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर अभिभूत हो रहे हैं। यहां के प्रमुख मंदिर मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी जी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, प्रियकांतजू मंदिर, चंद्रोदय मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का क्रम भी जारी है। इस बीच आज सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में दर्शन पूजन किया और कृष्ण भक्तों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में विधि–विधान से दर्शन और पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आस्था का सम्मान करते हुए सुविधाएं बढ़ाईं तो मथुरा और वृन्दावन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती गयी।

***हर वर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु आ रहा है, जन्मभूमि के साथ–साथ वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में, बरसाना में, नंदगांव में, गोवर्धन में, अब उनके लिए उसी प्रकार की सुविधा को और विकसित करने की तैयारी है। हमने कहा जितना हो सकता है करिए, श्रद्धालुओं की आस्था के साथ ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। उनकी सुविधा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए, ये इसलिए हुआ है क्योंकि आपकी भावनाओं को समझने वाली सरकारें हैं।***

मथुरा के जन्मभूमि मंदिर में आज मध्यरात्रि में भगवान कृष्ण के प्राकट्य को लेकर विशेष अनुष्ठान किया जायेगा। यहां भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को देखने के लिए दुनिया भर से लोग मथुरा पहुंचे हैं। वहीं, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और गोरखपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भगवान कृष्ण की लीलाओं से जुड़ी झांकी लोगों के आकर्षण का विशेष केन्द्र बन रही है। गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में आज देर रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।

**********

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज तड़के श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी– एफ–सेवेंटीन रॉकेट के माध्यम से देश के पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस–जीरो फाइव का सफल प्रक्षेपण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो की इस उपलब्धि पर कहा कि यह राष्ट्र के लिए गर्व का क्षण है। यह सफलता भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र की उत्कृष्टता, नवाचार और बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि के लिये इसरो की टीम को बधाई दी है। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षक दिवस पर कल गोरखपुर में प्रदेश के इक्यासी शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार और मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय इन पुरस्कारों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के इक्कसठ और माध्यमिक शिक्षा विभाग के बीस शिक्षकों का चयन किया गया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले इन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह के साथ ही राज्य सरकार पच्चीस हजार रूपये की धनराशि भी देगी।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। आज प्रदेश के मध्य और पूर्वी हिस्से के कई जिलों में बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस बीच, बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण करीब दस नदियां उफान पर हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी है। उधर, वाराणसी में गंगा और चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर घटने लगा है। चित्रकूट में बाढ़ का पानी हटने के बाद प्रशासन ने सड़कों का सफाई अभियान शुरू किया है।

**********

नेपाल में बीते दिनों आई भीषण बाढ़ को देखते हुए भारत ने राहत सामग्री की नई खेप भेजी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नेपाल के लिए साढ़े इक्कीस टन राहत सामग्री लेकर दो विमान काठमांडू पहुंच गए हैं।

**********